दिनांक : 17/03/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में 77 करोड़ के गीता भवन सहित कई विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे।
- कनाडा में मारे गए उज्जैन के छात्र गुरकीरत के परिवार से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने फोन पर बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।
- लोकसभा में आज रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान होगा। राज्यसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन विनियोग विधेयक 2026 पेश कर सकती हैं।
- मिडिल-ईस्ट संघर्ष के बीच भारत को बड़ी राहत, 45 हजार टन एलपीजी लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा शिवालिक। 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर जग लाडकी भी आज बंदरगाह पर दस्तक देगा।

राज्यपाल, सीएम- उज्जैन दौरा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में कई बड़े विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। इसमें 77 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले गीता भवन का भूमि-पूजन शामिल है। इसके अलावा सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत 662 करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्यों की भी शुरुआत होगी। इनमें नई कॉलोनियों में सड़क, सीवर, पानी और बिजली की सुविधाएं, विक्रम नगर में रेलवे ओवरब्रिज और नया सिंहस्थ मेला कार्यालय भवन शामिल हैं। यह मेला कार्यालय भवन सिंहस्थ के दौरान पूरी व्यवस्था के संचालन और नियंत्रण का केंद्र बनेगा।

दीक्षांत समारोह-राज्यपाल

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह आज सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल समारोह की अध्यक्षता करेंगे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर 103 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, 74 को पीएचडी और एक विद्यार्थी को डी-लिट की उपाधि प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री- गुरकीरत परिवार

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कनाडा में मारे गए उज्जैन के छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा के परिवार से फोन पर बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। दरअसल, फोर्ट सेंट जॉन शहर में 10-12 लड़कों ने गुरकीरत को पीटा और फिर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे उनकी मौत हो गई। अब परिवार शव वापस लाने के लिए मदद की गुहार लगा रहा है। कनाडा सरकार 35 लाख रुपये

माँग रही है और शव भारत लाने में 10 लाख अलग से खर्च होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर परिवार की पूरी मदद करेगी।

संसद सत्र

लोकसभा में आज रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान होगा। कल चर्चा के दौरान कांग्रेस के तारिक अनवर ने आरोप लगाया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1337 स्टेशनों में से केवल 160 पर ही काम पूरा हुआ है। वहीं भाजपा के गणेश सिंह ने कहा कि पिछले दस साल में रेलवे बजट 63 हजार करोड़ से बढ़कर 2 लाख 78 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उधर राज्यसभा में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन विनियोग विधेयक 2026 पेश कर सकती हैं।

विदेश मंत्री- यूरोपीय देश

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कल चार यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। जर्मनी के साथ बैठक में पश्चिम एशिया के संघर्ष पर चर्चा हुई। स्लोवाकिया के साथ रक्षा, अंतरिक्ष और विनिर्माण के क्षेत्र में सहयोग पर बात हुई। ग्रीस के साथ व्यापार बढ़ाने और राजनयिक संबंध मजबूत करने पर जोर दिया गया। वहीं नीदरलैंड के साथ सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जल प्रबंधन जैसी आधुनिक तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

माता यशोदा योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। भोपाल में आयोजित कृषि कार्यशाला में उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य है जो किसानों को सिर्फ 5 रुपये में बिजली कनेक्शन दे रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने स्कूली बच्चों को मुफ्त दूध देने के लिए माता यशोदा योजना शुरू करने की भी जानकारी दी।

उज्जैन विक्रम व्यापार मेला

उज्जैन का विक्रम व्यापार मेला अब 10 दिन और चलेगा। पहले यह मेला 19 मार्च को खत्म होने वाला था, लेकिन अब इसे 29 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में चल रहे इस मेले में वाहन खरीदने पर 50 प्रतिशत टैक्स छूट मिल रही है। यह छूट नॉन कमर्शियल यानी निजी वाहनों पर राज्य सरकार दे रही है।

असम के मुख्यमंत्री- दतिया

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कल दतिया के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ पीताम्बरा पीठ में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने श्री वनखण्डेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया।

एलपीजी-जहाज, गुजरात

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच कल शाम, भारतीय जहाज शिवालिक गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। यह जहाज कतर से करीब 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है, जो लगभग 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर है। मिडिल-ईस्ट संघर्ष के बीच भारत पहुंचने वाला यह पहला एलपीजी जहाज है। सरकार ने बताया कि फारस की खाड़ी में अभी भी 22 भारतीय जहाज मौजूद हैं जिन पर 611 भारतीय नाविक सवार हैं और सभी सुरक्षित हैं। वहीं यूएई से रवाना हुआ भारतीय जहाज जग लाडकी 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर आज मुंद्रा बंदरगाह पहुंच जाएगा।

क्षीर धारा योजना

भोपाल जिले में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए “क्षीर धारा योजना“ शुरू की गई है। इसके तहत जिले के 76 गांवों को “क्षीर धारा ग्राम“ के रूप में विकसित किया जाएगा। इन गांवों में पशुओं की नस्ल सुधार, टीकाकरण और आधुनिक दूध उत्पादन तकनीक पर काम होगा। अगले तीन साल में जिले के सभी गांवों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।

धार भोजशाला

धार की ऐतिहासिक भोजशाला के मामले में हाईकोर्ट ने अहम फैसला किया है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने कहा कि अगली सुनवाई से पहले न्यायाधीश खुद भोजशाला स्थल का निरीक्षण करेंगे। इस मामले की नियमित सुनवाई दो अप्रैल से शुरू होगी। कल हुई सुनवाई में मुस्लिम पक्ष ने एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है।

अत्याधुनिक कैंसर ब्लॉक- उपमुख्यमंत्री

भोपाल में अब कैंसर मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में अत्याधुनिक कैंसर ब्लॉक का शुभारंभ किया। इसमें स्वीडन की विश्वस्तरीय रेडिएशन मशीन समेत लीनियर एक्सीलरेटर और पीईटी-सीटी जैसी आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि भोपाल के साथ ग्वालियर, इंदौर, रीवा और जबलपुर में भी ऐसे कैंसर ब्लॉक तैयार किए गए हैं।

नागरिक सुरक्षा समागम

भोपाल में तीन दिवसीय 'नागरिक सुरक्षा समागम' की कल शुरुआत हुई। होमगार्ड महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने इसका शुभारंभ किया। 18 मार्च तक चलने वाले इस समागम में प्रदेशभर के नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक हिस्सा ले रहे हैं।

दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम

भोपाल में आज दिव्यांग बच्चों को गोद लेने को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी कार्यशाला आयोजित की जा रही है। केंद्र सरकार के दत्तक-ग्रहण प्राधिकरण और प्रदेश सरकार मिलकर इसका आयोजन कर रहे हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में 19 मार्च से बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुढ़ी पड़वा के शुभ अवसर पर उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 जून तक चलेगा।

मौसम

प्रदेश में कल यानी 18 मार्च से मौसम बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से अगले तीन से चार दिन तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर समेत प्रदेश के आधे जिले इससे प्रभावित होंगे।

अस्मी भारती- जूनियर वर्ल्ड ताइक्वांडो

प्रदेश की बेटी अस्मी भारती जूनियर वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह चैंपियनशिप अप्रैल में उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- नर्मदापुरम में महिलाओं और बालिकाओं की कल्याण योजनाओं पर आज दोपहर 12 बजे से एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित होगी।
- अशोकनगर में बाल श्रम कराने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने कल बाल कल्याण समिति के साथ बैठक में यह निर्देश दिए।
- जबलपुर में समर्थन मूल्य पर गेहूं की सरकारी खरीदी कल से शुरू हो गई है।
- आगरमालवा में पीआईबी भोपाल द्वारा आज केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर एक दिवसीय कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन होगा।
- मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग ने कल एचपीवी वैक्सीन जागरूकता रथ रवाना किया।
- पन्ना में कल कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय किसान मेला और प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ।
- इंदौर आकाशवाणी विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत आज शाम साढ़े सात बजे मालवा हाउस में लोकरंग उत्सव का आयोजन करेगा।
- झाबुआ के थांदला में एसडीएम ने एलपीजी वितरण व्यवस्था की समीक्षा के लिए गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली।
- भोपाल के गांधी नगर में खाद्य विभाग ने होटल, रेस्टोरेंट और अवैध गैस सिलेंडर रीफिलिंग पॉइंट के खिलाफ कार्रवाई की।

-------------